घर में हमारे श्याम सुंदर एक बार आ जाओ

घर में हमारे श्याम सुंदर एक बार आ जाओ,
दो पल के लिए तो सही इक बार आ जाओ,
घर में हमारे श्याम सुंदर एक बार आ जाओ......

पलकों पे रखेंगे दिल में बिठाएंगे,
स्वागत में तुम्हारे खुद को बिछाएंगे,
मेहमान नवाज़ी हमारी स्वीकारने आ जाओ,
दो पल के लिए ही सही एक बार आ जाओ,
घर में हमारे श्याम सुंदर एक बार आ जाओ......

शबरी के झूठे बेर आए थें तुम खानें,
मीरा से जो था प्रेम आये थे निभाने,
हम भी हैं प्रेम दीवाने एक बार आ जाओ,
दो पल के लिए ही सही एक बार आ जाओ,
घर में हमारे श्याम सुंदर एक बार आ जाओ......

ये प्रेम निवेदन है स्वीकार करो श्यामा
हम दास कहे हमपे उपकार करो श्यामा,
भक्तों का मान रखने सरकार आ जाओं,
दो पल के लिए ही सही एक बार आ जाओ,
घर में हमारे श्याम सुंदर एक बार आ जाओ......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32051/title/ghar-me-humare-shyam-sundar-ek-baar-aa-jao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |